आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 24.07.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक मामलों में कड़ी सज़ा सुनिश्चित करने वाले विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में मानव–वन्यजीव संघर्ष रोकने और वन्यजीव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से देहरादून में ''चुनाव पर्यवेक्षक के लिए आदर्श मानक'' विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन।
- टिहरी की जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मुनिकीरेती और तपोवन क्षेत्र का दौरा कर कांवड़ मेला की तैयारियों का जायजा लिया।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज फास्ट–ट्रैक कोर्ट बनाने और पेपर लीक व परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में कड़ी सज़ा सुनिश्चित करने के लिए विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी। संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। सूत्रों के अनुसार इस प्रस्तावित कानून को अगले हफ़्ते संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने कल एक वीडियो संदेश में घोषणा की थी कि पेपर लीक के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई के प्रावधानों वाला एक बिल संसद में पेश किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में मानव–वन्यजीव संघर्ष रोकने और वन्यजीव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में राज्य वन्यजीव बोर्ड और राज्य स्तरीय बाघ संचालन समिति की बैठक लेते हुए प्रदेश में विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखते हुए सभी परियोजनाओं को आगे बढ़ाए जाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने वन्यजीव संरक्षण को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए भी आधुनिक तकनीक के साथ जनसहभागिता को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सभी स्वीकृत परियोजनाओं में वन्यजीव संरक्षण संबंधी शर्तों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य में वन्यजीव कॉरिडोरों का संरक्षण, कैमरा ट्रैप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी और वैज्ञानिक प्रबंधन को और मजबूत किए जाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने वन्यजीव हमलों के पीड़ितों को समयबद्ध मुआवजा देने, साहसिक कार्य करने

वाले नागरिकों को सम्मानित करने तथा हरिद्वार कुंभ के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में क्यूआरटी तैनात करने के भी निर्देश दिए। बैठक में संरक्षित क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न जनहित परियोजनाओं के प्रस्तावों को आवश्यक शर्तों के साथ आगे बढ़ाने पर भी सहमति दी गई।

मुख्यमंत्री/जनसमस्याएं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अपने कैंप कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक जन समस्या का संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ समाधान सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही शिकायतकर्ता को समाधान की प्रगति से भी अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से आज देहरादून में "चुनाव पर्यवेक्षक के लिए आदर्श मानक" विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भारती ने वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेक्षकों की सक्रिय और निष्पक्ष उपस्थिति से चुनाव के दौरान इलेक्शन मशीनरी अधिक प्रभावी, पारदर्शी और उत्तरदायी ढंग से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास, हर परिस्थिति में अक्षुण्ण बना रहे, यही प्रत्येक प्रेक्षक का सर्वोच्च दायित्व है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक चुनाव प्रेक्षक की भूमिका स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से पूरी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी कर चुनाव में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जन विश्वास को सुदृढ़ बनाने में योगदान देना है।

कांवड़ मेला/निरीक्षण

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कांवड़ मेला की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज मुनिकीरेती और तपोवन क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग, प्रमुख पुलों, घाटों और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद मुनिकीरेती में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य, पार्किंग और विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न तैयारियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को अपनी–अपनी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

पूर्णागिरी/स्ट्रीट लाइट

चंपावत जिले में ककराली गेट से प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मंदिर तक अत्याधुनिक एल ई डी स्ट्रीट लाइटें लगाने और जिले के अत्यंत दूरस्थ व अब तक विद्युत सुविधा से वंचित तोकों में आज विद्युतीकरण का कार्य शुरू किया गया है। लगभग आठ करोड़ रुपये की लागत वाली इस प्रकाश व्यवस्था परियोजना के तहत ककराली गेट से मां पूर्णागिरि धाम तक के लगभग 20 किलोमीटर लंबे मार्ग को भव्य रोशनी से जगमगाया जाएगा। इस पहल से न केवल रात में यात्रा करने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि स्थानीय वन्यजीवों और पर्यावरण का संरक्षण भी संभव हो सकेगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि पूर्णागिरि मेला सालभर चले इसके लिए सभी प्रकार की सुविधाओं पर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

बुशकटर

पौड़ी जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ग्राम पंचायतों को आपदा मद से खरीदी गई झाड़ी काटने की मशीन यानी बुशकटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि बरसात के दौरान झाड़ियों की समयबद्ध सफाई कर आपदा जोखिम को कम किया जा सके। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों को बुशकटर वितरित किए। उन्होंने बताया कि पहले चरण में जिले की 55 ग्राम पंचायतों को बुशकटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं, ग्राम प्रधानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि झाड़ियों की समयबद्ध सफाई होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जंगली जानवरों का खतरा कम होगा और स्वच्छ वातावरण बना रहेगा।